हरिभूमि
रत्न भूमि
रायपुर, रविवार 5 जुलाई 2026

तापमान
अधिकतम 25.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

15 पुरानी परंपरा कायम, रविवार को हल-ट्रेक्टर...



16 गाय का दूध, गोबर और गौमूत्र सभी के लिए अमृत...





प्रवेश प्रारंभ
B.P.Ed., B.P.E.S., BCA, Bsc. (CS/IT), B.Com., PGDCA, DCA
PG Diploma in Yoga Edu.
AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त
(पं. र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा, अभनपुर
मो.न. - 8103982557

# नगर पंचायत कोपरा कार्यालय में तोड़फोड़ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सहित 7 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद/कोपरा/राजिम

नगर पंचायत कोपरा में कथित भ्रष्टाचार और अव्यवस्था के खिलाफ कांग्रेस द्वारा किए गए नगर पंचायत घेराव के बाद क्षेत्र की राजनीति गरमा गई है। नगर पंचायत कार्यालय में कथित तोड़फोड़ के आरोप में पुलिस ने ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रूपेश साहू, पूर्व जनपद पंचायत उपाध्यक्ष योगेश साहू, पार्षद शिवम सिन्हा, विक्रम साहू, दो अन्य कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारिका सिन्हा रमेश सिन्हा तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के एक हितग्राही खिलेश्वर साहू को गिरफ्तार किया। हालांकि सभी को बाद में जमानत पर रिहा कर दिया गया। गिरफ्तारी के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों में आक्रोश देखा गया। कांग्रेस नेताओं के साथ-साथ कई स्थानीय लोगों ने ▶▶|शेष पेज 14 पर

**जमानत पर रिहाई के बाद भाजपा नेताओं पर साधा निशाना**





## आधी रात घर के सामने युवक की लाश मिली, जांच में जुटी पुलिस

**राजिम।** राजिम थाना क्षेत्र के ग्राम पितईबंद से बड़ी खबर सामने आ रही है। यहां घर के सामने एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में लाश मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक के शरीर पर कुछ निशान मिले है। घटना की सूचना मिलते ही टीआई अमृत लाल साहू मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी। मृतक की पहचान उत्तम भारती पिता आशाराम भारती उम्र 23 वर्ष के रूप में हुई है। घटना शुक्रवार रात करीब 12 बजे होने की आशंका जाहिर की जा रही है। शनिवार सुबह घर के सामने युवक का शव पड़े होने की जानकारी मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया। परिजनों ने युवक को गंभीर हालत में तत्काल राजिम अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए मचुर्री भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फॉरेंसिक जांच के बाद ही मौत की वास्तविक वजह स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल पुलिस सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने कुछ लोगो को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। वहीं, घटनास्थल पर फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया है, जो मौके पर पहुंचकर बारीकी से जांच कर रही है।

### खबर संक्षेप

## रायपुर में झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ की बैठक आज

**नवापारा-राजिम।** भारतीय जनता पार्टी झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ रायपुर जिला ग्रामीण की बैठक आज 5 जुलाई को एकात्म परिसर भाजपा कार्यालय में रखा गया है। यह जानकारी देते हुए रायपुर जिला ग्रामीण के अध्यक्ष दयालु गाड़ा ने बताया कि बैठक में भाजपा प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज, प्रदेश संयोजक संजू नारायण सिंह ,रायपुर जिला ग्रामीण प्रभारी सुरेंद्र पाटनी, भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम नारंग, प्रदेश सहसंयोजक विकास अग्रवाल आदि मौजूद रहेंगे।

## निषाद समाज का वार्षिक अधिवेशन आज

**फिंगेश्वर।** छत्तीसगढ़ निषाद समाज फिंगेश्वर राज 84 का वार्षिक अधिवेशन 5 जुलाई मंडी प्रांगण फिंगेश्वर में होगा। जिसमें मुख्य अतिथि रोहित साहू विधायक राजिम विधानसभा, अध्यक्षता नेहरू निषाद अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग छत्तीसगढ़ शासन विशिष्ट ▶▶|शेष पेज 14 पर



# पं. श्यामाचरण तिराहे पर बेलगाम रफ्तार से हादसे की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

शाम होते ही शहर की सड़कों पर वाहनों का दबाव अचानक बढ़ जाता है। दफ्तर, बाजार और आसपास के गांवों से लौटने वाले लोग जल्द से जल्द घर पहुंचने की होड़ में रहते हैं। इसी जल्दबाजी का सबसे अधिक असर पंडित जवाहरलाल नेहरू पुल से जुड़े पंडित श्यामाचरण शुक्ल तिराहा पर देखने को मिलता है, जहां तेज रफ्तार वाहन हर दिन दुर्घटना की आशंका को बढ़ा रहे हैं। महानदी पुल की ओर से आने वाले वाहन चालक बिना गति कम किए रेस्ट हाउस मार्ग और श्री राजीव लोचन मंदिर की ओर मुड़ जाते हैं, जबकि कई वाहन सीधे देवभोग मार्ग की ओर निकल जाते हैं। दूसरी ओर गरियाबंद की ओर से आने वाले वाहन भी रायपुर मार्ग की ओर तेज रफ्तार से बढ़ते हैं। इस तरह लगातार वाहनों की आवाजाही के कारण यह तिराहा अत्यंत व्यस्त और संवेदनशील बन गया है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि अधिकांश चालक मोड़ पर भी गति नियंत्रित करने की आवश्यकता नहीं समझते। ओवरटेक करने की कोशिश, तेज रफ्तार और जल्दबाजी के कारण कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। फिलहाल वाहन चालक अपनी सतर्कता और समझदारी से एक-दूसरे को देखकर निकल जाते हैं, इसलिए बड़ी दुर्घटनाएं होने से बच जाती हैं, लेकिन यह स्थिति हमेशा बनी रहे, इसकी कोई गारंटी नहीं है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस दिन पुलिस की वाहन जांच या चेकिंग अभियान इस तिराहे पर चलाता है, उस दिन चालक स्वतः धीमी गति से चलते हैं और यातायात अपेक्षाकृत व्यवस्थित रहता है। लेकिन जैसे ही पुलिस की मौजूदगी समाप्त होती है, वाहन फिर तेज रफ्तार से दौड़ने लगते हैं। इससे स्पष्ट है कि समस्या सड़क की नहीं, बल्कि यातायात अनुशासन की है। नागरिकों का मानना है कि इस तिराहे पर नियमित पुलिस निगरानी, स्पीड कंट्रोल के लिए स्पीड ब्रेकर या रंबल ट्रिप, स्पष्ट चेतावनी संकेत, रिफ्लेक्टर और पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था जैसी सुविधाएं ▶▶|शेष पेज 14 पर



अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
BHILAI | DHANORA
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• FITTER 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
कुरुद रोड कोहका, भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93949 • 89595-44444
अग्रसेन एजुकेशन कैम्पस, ग्राम-धनोरा, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93934 • 89595-44444



## खबर संक्षेप

### पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक 6 को

**धमतरी।** पेंशनर्स एसोसिएशन जिला शाखा धमतरी की मासिक बैठक सोमवार 6 जुलाई को दोपहर 12 बजे पेंशनर्स एसोसिएशन भवन धमतरी में आयोजित की जाएगी। बैठक में जिले के पेंशनरों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की जाएगी। एसोसिएशन के अध्यक्ष वीरेन्द्र नाग एवं सचिव मोतीलाल हिरवानी ने सभी पेंशनरों एवं पारिवारिक पेंशनरों से उपस्थिति की अपील की है।

### नंदनी को मिलेगी छात्रवृति



**धमतरी।** शासकीय माध्यमिक शाला रावनगुड़ा से राष्ट्रीय सह संसाधन परीक्षा में नंदनी कोसरिया पिता संतोष कोसरिया ग्राम रावनगुड़ा का चयन हुआ है। शासन द्वारा उसे कक्षा 12वीं तक छात्रवृति प्रदान की जायेगी। विद्यालय परिवार ने हर्ष जताया है।

### स्वास्थ्य विभाग ने बिलिंग मशीनें लौटाईं

**धमतरी।** नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा बिलिंग मशीनों को वापस भिजवाया गया। स्वास्थ्य विभाग के अध्यक्ष नीलेश लूनिया ने संबंधित अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि भविष्य में सभी कार्य नियमानुसार, पारदर्शिता एवं जवाबदेही के साथ किए जाएं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि दोबारा इस प्रकार की लापरवाही सामने आती है तो संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग ने सभी संबंधित अधिकारियों को अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करने तथा नगर निगम के कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए हैं।

### निर्धन कन्या के विवाह के लिए 11 हजार की आर्थिक सहायता दी

**धमतरी।** सामाजिक सेवा के लिए सक्रिय हेल्प टू बेनिफिट्स अदर्स लेट्स मेक द चेंज ग्रुप ने एक निर्धन परिवार की बेटी के विवाह में सहयोग करते हुए 11 हजार की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई। यह सहयोग समाजसेविका श्रीमती मोहिनी सोनी द्वारा प्रदान की गई दान राशि से किया गया। ग्रुप के प्रमुख सदस्य गौरव लोहाना एवं आलोक राखेचा ने पीड़ित परिवार के घर पहुंचकर सहायता राशि सौंपी। उन्होंने कहा कि आर्थिक तंगी के कारण किसी बेटी के विवाह में बाधा न आए। इसी उद्देश्य से ग्रुप लगातार जरूरतमंद परिवारों की मदद कर रहा है।

### बिरगुड़ी में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया

**नगरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरगुड़ी में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अमृतलाल नाग सरपंच बिरगुड़ी थे। अध्यक्षता डाकेंद्र कश्यप अध्यक्ष शाला विकास प्रबंधन समिति बिरगुड़ी ने की।

---

**मांग : ओडिशा और तेलंगाना तक है मांग, कोचिए भी सक्रिय**

# मानसून की दस्तक के साथ बाजार में पहुंचा बोड़ा, 100 रुपए पर पसर बिका

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर

प्रदेश के सरई जंगल वाले क्षेत्र में देश के सबसे महंगी सब्जी के रूप में जाने जाना वाला बोडा गरियाबंद के जंगलो में मिलता है और हर वर्ष मानसून के दस्त के साथ ही बाजार में यह सब्जी बिकने पहुंचती है, सरई जंगल वाले क्षेत्र में जमीन के अंदर बारिश और गर्मी के बीच बोडा सब्जी प्राकृतिक रूप से निकलता है जिससे वनांचल में निवास करने वाले लोग चुन चुन एकत्र कर बाजार लाते हैं।

शुक्रवार को मैनपुर बाजार में पहली बार बोडा बिकने पहुचा तो देखते ही देखते 50 किलो बोडा बिक गया जिसकी दाम आंकी नहीं जा सकती क्योंकि पसरा के हिसाब से बोडा 100 रूपये पर हथेली बिका। बोड़ा एक ऐसी सब्जी जिसे खाने के लिए सालभर लोग मानसून आने का इंतजार करते है, मानसून के शुरूआती दिनों में क्षेत्र के जंगलों में जमीन के आंदर से गाठनूमा छोटे- छोटे आलू की तरह एक विशेष प्रकार का जंगली खाद्य मिलता है जिसे लोग बोडा के नाम से जानते है बोडा की सब्जी बेहद ही लोकप्रिय एंव स्वादिष्ट होती है बाजार में बोडा आते ही लोग इसे खरीदने के लिए लोग टूट पडते हैं। गरियाबंद मैनपुर नेशनल हाइवे मार्ग मे टीमनपुर के पास बोड़ा ग्रामीण क्षेत्र के महिलाए बेचने जैसे ही ला रही है देखते ही देखते बिक जा रहा है।





**जमीन के ऊपर नहीं, अंदर सजता है जायका-** दरअसल मशरूम की 12 प्रजातियों में बोडा भी शामिल है यह एक ऐसी प्रजाति है जो जमीन के उपर नही बल्कि अंदर तैयार होती है जैसे ही मानसून की पहली बैछार पडती है साल के घने जंगल से बोडा जमीन को फाडकर बाहर निकलती है बारिश और उमश का मौसम बोडा के उगने के लिए काफी अनुकूल होता है जून जुलाई में बोडा की सबसे ज्यादा उपलब्धता होती है लोग इसके जायके के दीवाने है बोडा खाने में काफी स्वादिष्ट होता है मैनपुर वनांचल क्षेत्र के राजापडाव गौरगांव एंव गोबरा तौरेंगा क्षेत्र में पहली ही बारिश के साथ बोडा निकलने का सिलसिला प्रारंभ हो जाता है, यहा तक की इसको खरीदने ओडिसा और तेलंगाना से भी कोचियों का दल क्षेत्र में पहुचते है और कम कीमती पर ले जाकर अपने प्रदेश में अधिक दामों पर बोडा को बेचा जाता है।

---

# टीचर्स संघ ने विभिन्न मांगों को लेकर डीईओ को ज्ञापन सौंपा



हरिभूमि न्यूज ▸▸ फिंगेश्वर

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रांतीय निर्देश पर शुक्रवार को जिला कार्यकारिणी गरियाबंद की अति आवश्यक बैठक आहूत किया गया,जिसमें पूर्व सेवा की गणना, प्रथम नियुक्ति तिथि से पेंशन, पदोन्नति, क्रमोन्नति, विभागीय टेट परीक्षा, बीएड योग्यता, वीएसके में उपस्थिति कार्यकारिणी विस्तार, वार्षिक सदस्यता सहित वर्तमान शैक्षिक समस्याओं के संबंध में आवश्यक रूप से चर्चा की गई। तत्पश्चात प्रांतीय संगठन मंत्री यशवंत बघेल, प्रांतीय सचिव विनोद सिन्हा, प्रदेश संयुक्त मंत्री पूरन लाल साहू एवं जिला अध्यक्ष परमेश्वर निर्मलकर के नेतृत्व में नव नियुक्त जिला शिक्षा अधिकारी राजेश चंद्राकर से सौजन्य मुलाकात कर शिक्षकों की विभिन्न समस्याओ के संदर्भ ज्ञापन सौंपा। वहीं जिला शिक्षा अधिकारी राजेश चंद्राकर ने शिक्षक संघ की मांगों को गंभीरता से सुना और सकारात्मक पहल करते हुए पदोन्नति सहित विभिन्न समस्याओं का नियमानुसार निराकरण करने की बाते कही। बैठक में प्रमुख रुप से यशवंत बघेल प्रांतीय संगठन मंत्री, विनोद सिन्हा प्रांतीय सह सचिव, पूरन लाल साहू प्रदेश संयुक्त मंत्री, जिलाध्यक्ष परमेश्वर निर्मलकर, भुवन यदू, सचिव सुरेश केला, कोषाध्यक्ष नंदकुमार रामटेके, ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र सोनवानी, हुलस साहू, संतोष साहू, गोविंद पटेल, संजय यादव, किरण साहू, टीकम पटेल, ईम्मु शेख, कमलेश बघेल, कृपाराम बघेल, आर एस कंवर, नोखेराम साहू, चन्द्रहास साहू, ईश्वरी सिन्हा, नंदनी यादव, दीपिका रंगारी सहित टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी उपस्थित थे।

---

# सोनासिल्ली में मना संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फिंगेश्वर

संकुल केंद्र सोनासिली मे संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य अतिथि मंजू कमलेश साहू,जनपद सदस्य फिंगेश्वर, अध्यक्षता संकुल प्राचार्य के आर नेताम, विशिष्ठ अतिथि सुभाष शर्मा विकासखंड स्त्रेत समन्वयक फिंगेश्वर चंपेश्वरी धुरव,सरपंच तामेश्वर पटेल सोनासिली, सविता सिन्हा भेंडरी, शाला प्रबंधन समिति सदस्य पप्पू साहू लचकेरा उपस्थित थें। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के छाया चित्र पर पूजा अर्चना कर किया गया।तत्पश्चात सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं बच्चों द्वारा राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत एवं राजकीय गीत गायन के पश्चात बच्चों द्वारा अतिथियों के स्वागत में स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। वहीं कक्षा पहली, छटवीं एवं नवमी के नवप्रवेशित छात्र छात्रओं का मुंह मीठा कराकर निरूशुल्क गणवेश, पाठ्य पुस्तक प्रदाय किया गया। इस कार्यक्रम में धनेश्वर मरकाम प्राचार्य हाई स्कूल लचकेरा पूर्व संकुल प्राचार्य साधु राम ध्रुव, पूर्व संकुल समन्वयक पोषण सोनकर, शिक्षक संतोष तिवारी, रमेश बंजारे, ज्ञानेश्वर चंद्राकर, भुनेश्वर दीवान, रामेश्वर साहू, पंचराम निषाद, हीरउ राम सिन्हा, विनोद ध्रुव, लोकेश पटेल साधुराम ध्रुव, रामरतन साहू, किशोर कुमार साहू, तुमन निषाद, नोहर सिंह सिन्हा, कृष्णा कुमार साहू एवम ग्रामवासी पालकगण उपस्थित रहे।



### नारियल पेड़ पर गिरी आकाशीय बिजली

**मैनपुर।** गरियाबंद जिले के ग्राम बुरजाबहाल शनिवार रात करीब 8:30 बजे बादलों में जमकर गड़गड़ाहट के साथ नारियल के पेड़ पर आकाशीय बिजली गिरा नारियल का पेड़ समाचार लिखे जाने तक धू - धू कर जल रहा है। यह घटना शिक्षक तिरन नागेश के बाड़ी में हुई। पेड़ पर बिजली गिरने से आसपास निवास करने वाले लोग दहशत में आए गए, वहीं दूसरी ओर राहत की बात यहां रही कि घटना में किसी जनहानि की सूचना नहीं है।

---

# सोशल मीडिया के युग में निपुण बनें कार्यकर्ता : साहू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर



भारतीय जनता पार्टी मंडल गोहरापदर में डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म का एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ. रामकुमार साहू मंडल प्रभारी योगेश शर्मा जिला उपाध्यक्ष गुरुनारायण तिवारी, पूर्व महामंत्री पुनीत राम सिन्हा जनपद अध्यक्ष मोहना नेताम, मंडल डीएलपी प्रभारी नागेश्वर मोरे, मंडल अध्यक्ष भोजराज सिन्हा विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता पंडित दीनदयाल उपाध्याय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण कर किया गया। इस कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता डॉ. रामकुमार साहू ने कहा कि पार्टी द्वारा चलाए जा रहे डीएलपी अभियान को हम सभी कार्यकर्ताओ को जिम्मेदारी पूर्वक करते हुए सफल बनाना है आज का युग सोशल मीडिया का युग है हम सभी को इसमें निपुण होना होगा और इसे सीख कर पार्टी के एवं सरकार के कार्य योजनाओं को आम जनता तक ले जाने का काम करना है। मंडल प्रभारी योगेश शर्मा ने शक्ति केंद्र वार डिजिटल लर्निंग कार्यक्रम के लक्ष्य को पूरा करने के लिए प्रभारियों की घोषणा करते हुए कहा कि 6 जुलाई तक लक्ष्य को पूरा करने कहा इस कार्यशाला में विशेष रूप से कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ रामकुमार साहू, मंडल प्रभारी योगेश शर्मा, जिला उपाध्यक्ष गुरु नारायण तिवारी, श्रीमती मोहना नेताम, मंडल अध्यक्ष भोजराज सिन्हा, डीएलपी प्रभारी नागेश्वर मोरे, महामंत्री लंबोदर साहू मोहित यादव, तान सिंह मांझी, तुलसी निधि, नवल किशोर मांझ, राजेंद्र यादव, देवानंद पाथर, रामेश्वर सिंह, प्रकाश कश्यप, ममता पाथर, संजुक्ता दास, खगेश्वर नायक, उमरिया नागेश, चौनसिंह कश्यप, डीलसन सिन्हा, अरुण ठाकुर, उत्तम सिंह, वेद प्रकाश सोनवानी सहित भारतीय जनता पार्टी मंडल गोहरापदर मंडलके शक्ति केन्द्रों के प्रभारी बूथ के अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता भारी संख्या में उपस्थित थे।

---

# 79 वर्ष बाद जरहीडीह कमारपारा तक पहुंची पक्की सड़क, सीएम साय का ग्रामीणों ने जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर



प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान के तहत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत विशेष पिछड़ी कमार जनजाति ग्रामों के ग्रामीणों को आने जाने में सुविधा उपलब्ध कराने के साथ ही गांवों में विकास की रौशनी पहुंचाने के लिए केन्द्र के नरेन्द्र मोदी एवं छत्तीसगढ़ राज्य के विष्णुदेव सरकार द्वारा पीएम जनमन योजना शुरू किया गया है जिसके तहत विशेष पिछड़ी जनजाति ग्रामों तक मुलभुत सुविधाएं पहुंचाने सरकार द्वारा कार्य किया जा रहा है। गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र के दर्जन भर ग्रामों मे इस वर्ष जनमन योजना के तहत पक्की सड़क का निर्माण कार्य किया जा रहा है जिसमें से कई सड़क निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है ग्राम पंचायत जिड़ार से कमारपारा जरहीडीह तक आजादी के 79 वर्षो पश्चात डामरीकरण सड़क का निर्माण कार्य पूरा होने से ग्रामीणों में खुशी देखने को मिल रही है और इसके लिए केन्द्र के नरेन्द्र मोदी एवं राज्य के विष्णुदेव सरकार के प्रति रामस्वरूप साहू, दुलार सिन्हा, मंडल अध्यक्ष संतोष यादव, दुरूप राम ध्रुव, सुकचंद सोरी, जयराम कमार ने आभार व्यक्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार तहसील मुख्यालय मैनपुर से पांच किमी दूर ग्राम पंचायत जिड़ार से कमारपारा जरहीडीह तक 1.80 किमी डामरीकरण सड़क निर्माण के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना जनमन के तहत 19.03.2024 को कार्य प्रारंभ किया गया। वहीं आने जाने में सुविधा मिलेगी वही इस मार्ग में नदी में रपटा निर्माण करने से अब बारिश के दिनो में भी ग्रामीणो को कोई परेशानी नही होगी। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यपालन अभियंता अभिषेक पाटकर ने बताया पीएम जनमन के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति ग्राम पंचायत जिड़ार से कमारपारा जरहीडीह तक सड़क निर्माण कार्य किया गया है जो पूर्ण हो चुका है।

---

**बैठक आज**

**नगरी।** 5 जुलाई रविवार को ग्राम डीहीपारा पेट्रोल पंप स्थित संत शिरोमणि गुरु घासीदास मंदिर भवन में सतनामी समाज ब्लाक स्तरीय बैठक आयोजित की गई है। सतनामी समाज ब्लाक नगरी के अध्यक्ष विष्णुकुमार टंडन, सचिव घनानंद सोनवानी, कोषाध्यक्ष भगत मनहरे, उपाध्यक्ष नंदलाल कश्यप, योगेश भट्ट एव मीडिया प्रभारी सीएस गहने ने बताया कि बैठक में समाज की मजबूती, सामाजिक एकता एवं विकास पर चर्चा की जायेगी।


## हेल्थ केयर पाठ्यक्रमों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित है

**सत्र 2026-27**

**निम्न तालिका अनुसार छ.ग. के विभिन्न जिलों में 12वीं के प्राप्तांकों के अनुसार व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थानों में विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित हैं।**

| उपलब्ध प्रशिक्षण केन्द्र | DMLT डिप्लोमा इन मेडिकल लैब | BMLT बैचलर इन (मेडिकल लैब) | DMRT डिप्लोमा X-RAY | BMRT बैचलर X-RAY | COT सर्टिफिकेट इन ऑपरेशन थियेटर | BPT बैचलर इन फिजियोथेरेपी | HM हॉस्पिटल मैनेजमेंट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रायपुर | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| जगदलपुर | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| बिलासपुर | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| अंबिकापुर | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |

**आवेदन हेतु :-** 12 वीं कक्षा विज्ञान संकाय में न्यूनतम प्रतिशत, अनु. जनजाति 40 प्रतिशत, अनु. जाति 42 प्रतिशत, सामान्य 50 प्रतिशत या अधिक, दिव्यांगजन/सैनिक, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वर्ग के उम्मीदवारों हेतु निर्धारित सीटें आरक्षित हैं।

**नोटः-**
1. आवेदन निम्न दिये गये आवेदन पत्र के प्रारूप को कम्प्युटर द्वारा टाईप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट रूप से भरे । साथ ही 10X4 साईज का लिफाफा जिसमें आवेदक का पूर्ण पता लिखकर कार्यालय के पते पर पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक भेजें।
2. चयनित आवेदक को कॉल लेटर फोन मैसेज / व्हाट्सअप मैसेज द्वारा सूचित किया जायेगा।
3. छ.ग. के किसी भी जिले के आवेदक किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते हैं।
4. जो विद्यार्थी सत्र 2025-26 में उत्तीर्ण हुए हैं, वे 12 वीं का रिजल्ट ऑनलाईन कॉपी लगार आवेदन कर सकते हैं।

**आवेदन की अंतिम तिथि 25 जुलाई 2026**

**कार्यालय का पता : समता फेस-2, सुयश हॉस्पिटल के पीछे, पानी टंकी के सामने, कोटा, रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492010**
**8839189302, 7777887992**

**आवेदन पत्र भेजने का प्रारूप**

फोटो

**प्रति,**
**संचालक**
**व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थान, रायपुर (छ.ग.)**

**महोदय,**
.................................(पाठ्यक्रम का नाम ) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूं।
1. आवेदक का नाम.................................. 2. पिता/पति का नाम..........................................
3. जन्मतिथि.......................4.वर्ग- अनु. जनजाति ☐ अनु. जाति ☐ अन्य पिछड़ा वर्ग ☐ सामान्य ☐
5. पत्र व्यवहार का पताः ग्राम....................पो.........................तहसील..........................
जिला............................
पिन कोड.........................................मोबाईल नं. 1.......................2........................व्हाट्सअप नं.......................
6. केंन्द्र का नाम (जहाँ चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते हैं)..........................................
**7. शैक्षणिक योगयताः-**

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |


---

## पेज 13 के शेष...

### नगर पंचायत ...

भी इस कार्रवाई को सत्ता का दुरुपयोग बताते हुए इसकी आलोचना की। कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा नेताओं के दबाव में राजनीतिक द्वेष की भावना से एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

जमानत पर रिहा होने के बाद ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रूपेश साहू ने कहा कि भाजपा नेताओं के इशारे पर उनके खिलाफ झूठा मामला दर्ज कर फंसाने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनता के अधिकारों की लड़ाई लड़ती रहेगी और सत्य की जीत निश्चित है। उन्होंने दावा किया कि जनता समय आने पर इसका जवाब देगी।

पूर्व जनपद पंचायत उपाध्यक्ष योगेश साहू ने आरोप लगाया कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं को दुर्भावनापूर्ण तरीके से निशाना बनाया गया है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक आंदोलन को दबाने का प्रयास किया जा रहा है और इसका जवाब जनता लोकतांत्रिक तरीके से देगी। नगर पंचायत के पार्षद शिवम सिन्हा ने कहा कि नगर पंचायत अध्यक्ष और मुख्य नगरपालिका अधिकारी पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों से ध्यान भटकाने के लिए कांग्रेस नेताओं को निशाना बनाया जा रहा है। उनके अनुसार, भ्रष्टाचार के मुद्दे उठाने वाले जनप्रतिनिधियों को ही झूठे मामलों में फंसाने की कोशिश की जा रही है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुखचंद बेसरा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता युगल पांडेय ठाकुर ओंकार सिंह, नीरज ठाकुर डीके ठाकुर सन्नी मेमन विकास तिवारी अमित मिरी जुनेद खान ठाकुर राम साहू, सूरज दाऊ, अवध सिन्हा, राजेश यादव, रिकेश साहू महिला कांग्रेस नेत्री हेमलता सिन्हा योगेश्वरी साहू सहित अन्य नेताओं ने गिरफ्तारी की निंदा करते हुए कहा कि आम जनता के अधिकारों के लिए आवाज उठाने वाले कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर कार्रवाई लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है।

**20 सूत्रीय मांगों को लेकर हुआ था घेराव-** उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं और बड़ी संख्या में नगरवासियों ने नगर पंचायत कोपरा में व्याप्त कथित भ्रष्टाचार, अव्यवस्था और विकास कार्यों में अनियमितताओं के विरोध में गांधी चौक से रैली निकालकर नगर पंचायत कार्यालय का घेराव किया था। प्रदर्शन के दौरान कलेक्टर के नाम 20 सूत्रीय ज्ञापन सौंपते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, टेंडर प्रक्रिया, पेयजल, सफाई, सड़क, नाली, कर वसूली और वित्तीय अनियमितताओं सहित कई मुद्दों की निष्पक्ष जांच की मांग की गई थी।

धरना-प्रदर्शन को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक अमितेश शुक्ल ने भाजपा सरकार पर भ्रष्टाचार को संरक्षण देने का आरोप लगाया था और कहा था कि सरकार गरीबों के बजाय उद्योगपतियों और ठेकेदारों के हित में काम कर रही है।

**मामलों की निष्पक्ष जांच नहीं-** फिलहाल इस मामले में पुलिस द्वारा दर्ज प्रकरण और कार्रवाई को लेकर आधिकारिक विस्तृत बयान सार्वजनिक नहीं हुआ है। वहीं कांग्रेस ने स्पष्ट किया है कि यदि कथित भ्रष्टाचार के मामलों की निष्पक्ष जांच नहीं हुई और राजनीतिक द्वेष की कार्रवाई जारी रही, तो आंदोलन को और व्यापक बनाया जाएगा।

### निषाद समाज का...

अतिथि के रूप में इंद्राणी नेहरू साहू, अध्यक्ष जनपद पंचायत फिंगेश्वर, राजेंद्र धनराज सूर्यवंशी अध्यक्ष नगर पंचायत फिंगेश्वर, लोकेश्वरी,थान सिंह निषाद अध्यक्ष नगर पंचायत छुरा, नंदनी कोमल ढीढी सदस्य जिला पंचायत गरियाबंद, नंदिनी ओंकार साहू सदस्य जिला पंचायत गरियाबंद, दीपक श्रीवास उपाध्यक्ष नगर पंचायत फिंगेश्वर, अनिल चंद्राकर पार्षद नगर पंचायत फिंगेश्वर होंगे।

### पं. श्यामाचरण ...

विकसित की जाएं। साथ ही समय-समय पर जागरूकता अभियान भी चलाया जाए, ताकि वाहन चालक मोड़ पर गति कम करने की आदत विकसित करें।

**समस्या सड़क की नहीं, अनुशासन की है-** शहर के इस महत्वपूर्ण तिराहे पर अभी तक कोई बड़ी दुर्घटना नहीं हुई है, यह राहत की बात है। लेकिन लगातार बढ़ती वाहन संख्या और बेलगाम रफ्तार भविष्य के लिए गंभीर चेतावनी है। यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो यह तिराहा कभी भी किसी बड़े सड़क हादसे का कारण बन सकता है। सड़क पर कुछ सेकंड की जल्दबाजी किसी परिवार की जिंदगीभर की पीड़ा में बदल सकती है। इसलिए आवश्यक है कि वाहन चालक स्वयं भी जिम्मेदारी निभाएं और प्रशासन भी इस संवेदनशील स्थल पर स्थायी यातायात सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करे। राजिम थाना प्रभारी का कहना है कि अनियंत्रित रफ्तार को नियंत्रण करने के दृष्टिकोण से ही यहां पर अभियान चलाया जाता है। यह अभियान निरंतर चलाया जाएगा ताकि वाहन चालक खासतौर से इस प्वाइंट पर अपनी वाहन कम रफ्तार में चलाएं और दुर्घटना से बच सके।

**खबर संक्षेप**



## साहू समाज के 5 पदों के लिए नामांकन आज

राजिम। मतदाता सूची दावा आपत्ति के अवसर पर आज साहू छात्रावास परिसर में छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के पूर्व अध्यक्ष विपिन साहू, विधायक रोहित साहू, जिला साहू संघ धमतरी के अध्यक्ष गणेश साहू जिला साहू संघ महासमुंद के अध्यक्ष ढालू साहू पूर्व अध्यक्ष धरम साहू एवं रायपुर जिला ग्रामीण की उपाध्यक्ष धनमती साहू एवं समिति के कार्यवाहक अध्यक्ष लाला साहू उपस्थित थे। 5 जुलाई को निर्वाचन अधिसूचना जारी की गई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. नारायण साहू होंगे। एक विज्ञप्ति में बताया गया है कि 5 जुलाई को नाम निर्देशन पत्र जमा करने, जांच एवं नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। वहीं 12 जुलाई को मतदान के पश्चात मतगणना कर परिणाम घोषित किए जाएंगे। समिति के कुल 5 पदों-अध्यक्ष, उपाध्यक्ष (2 पद) एवं संगठन सचिव (2 पद)- के लिए निर्वाचन होगा। साहू समाज के सभी पात्र एवं आजीवन सदस्यों से अपील की गई है कि वे निर्धारित समय-सीमा में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सफल बनाएं।

## अनिल चंद्राकर का सोशल मीडिया अकाउंट हैक ठगों ने क्यूआर कोड भेजकर मांगी 50 हजार मदद

गरियाबंद। साइबर अपराधियों ने अब राजनीतिक पदाधिकारियों को भी निशाना बनाना शुरू कर दिया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) गरियाबंद के जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर का मोबाइल नंबर,



व्हाट्सएप, फेसबुक और इंस्टाग्राम खाता हैक कर ठग उनके नाम से लोगों से रुपये मांग रहे हैं। घटना की जानकारी सामने आने के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं और आम लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। जानकारी के अनुसार, साइबर ठग सबसे पहले लोगों को एक छोटी सी मदद चाहिए... लिखकर संदेश भेजते हैं। जब सामने वाला जवाब देता है, तो ठग एक त्वरित भुगतान संकेत (क्यूआर कोड) भेजकर लगभग 50 हजार रुपये भेजने की मांग करते हैं। इस तरह वे अनिल चंद्राकर की पहचान का दुरुपयोग कर लोगों को ठगी का शिकार बनाने का प्रयास कर रहे हैं। मामले की जानकारी मिलते ही भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने आम नागरिकों, पार्टी कार्यकर्ताओं और अपने शुभचिंतकों से अपील की है कि उनके नाम से आने वाले किसी भी संदेश, फोन कॉल, त्वरित भुगतान संकेत (क्यूआर कोड), बैंक संबंधी जानकारी, कड़ी (लिंक) या एक बार उपयोग होने वाला गुप्त अंक (ओटीपी) के झांसे में न आएं।

## कोपेश्वर महिला सहकारी समिति ने मनाया सहकारिता सप्ताह

कोपरा। सहकारिता सप्ताह 2026 के अंतर्गत कोपेश्वर महिला बहुउद्देशीय सहकारी समिति द्वारा ग्राम की ईष्ट देवी शीतला माता मंदिर प्रांगण में गुरुवार को वृक्षारोपण किया गया। सहकारिता से समृद्धि, हरियाली से खुशहाली के संकल्प के साथ समिति की महिला सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय के गठन के पांच वर्ष पूर्व होने के उपलक्ष्य में 29 जून से 6 जुलाई तक देशभर में सहकारिता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। आज हमने जो पौधे लगाए हैं, उनकी देखरेख की जिम्मेदारी भी हमारी समिति की हर सदस्य लेगी। वृक्षारोपण के बाद जैविक खेती, जल बचाव और प्लास्टिक मुक्त शहर विषय पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में समिति की कोषाध्यक्ष ललिता सोनी, सदस्य तारणी सेन, मालती साहू ,लता साहू, राजेश्वरी निषाद, सारिका सिन्हा संतोषी सिन्हा, गुनेश्वरी साहू रजनी चौहान और शिव कुमारी ध्रुव सहित स्व सहायता समूह की महिलाएं और बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर एक सदस्य एक पौधा लगाने का संकल्प लिया। कोपेश्वर महिला बहुउद्देशीय सहकारी समिति के इस प्रयास की नगर में सराहना हो रही है।

### आयोजन : आत्मानंद स्कूल में विधायक ने किया रंगमंच निर्माण का भूमिपूजन

# सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए मील का पत्थर साबित होगा रंगमंच : जनक ध्रुव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल मैनपुर में छात्र-छात्राओं और स्थानीय ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही रंगमंच निर्माण की मांग आखिरकार पूरी होने जा रही है। बिंद्रानवागढ़ क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव ने विद्यालय परिसर में पहुंचकर रंगमंच भवन के निर्माण कार्य का विधिवत पूजा-अर्चना कर भूमिपूजन किया। इस रंगमंच के निर्माण के लिए विधायक मद से 2 लाख 50 हजार रुपये की राशि स्वीकृत की गई है, जिससे आने वाले कुछ ही दिनों में भव्य रंगमंच बनकर तैयार हो जाएगा। भूमिपूजन कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के आसंदी से संबोधित करते हुए विधायक जनक ध्रुव ने कहा कि लंबे समय से छात्र-छात्राओं और ग्रामीणों द्वारा यहां रंगमंच की मांग की जा रही थी। आने वाले कुछ ही दिनों में यह मंच बनकर तैयार हो जाएगा, जो स्कूली बच्चों की छिपी हुई प्रतिभा को निखारने और उनकी साहित्यिक व सांस्कृतिक गतिविधियों को सुचारू रूप से संचालित करने में मील का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम में पहुंचने पर ग्राम सरपंच और स्कूल प्रबंधन द्वारा गुलदस्ता भेंट कर विधायक का आत्मीय स्वागत किया गया। इस दौरान सरपंच उपसीन नागेश ने विधायक के प्रयासों की सराहना करते हुए स्कूल में पेयजल की समस्या से अवगत कराया और हैंडपंप खनन की मांग रखी। विधायक ने संवेदनशीलता दिखाते हुए जल्द से जल्द हैंडपंप खनन कराने का आश्वासन दिया और साथ ही स्कूली बच्चों की खेल सामग्री के लिए 50 हजार रुपये अतिरिक्त देने की घोषणा की। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदु यादव, टीकम सिंह कपिल, भाजपा नेता प्रदीप शर्मा सहित बड़ी संख्या में पंचायत प्रतिनिधि, ग्रामीण और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।





### सरकार के कुप्रबंधन के कारण बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ : जनक ध्रुव

स्कूल के निरीक्षण के बाद मैनपुर विश्राम गृह (रेस्ट हाउस) में पत्रकारों से चर्चा करते हुए विधायक जनक ध्रुव ने प्रदेश की भाजपा सरकार की शिक्षा व्यवस्था पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि- नया शिक्षा सत्र प्रारंभ हुए 20 दिन से अधिक का समय बीत चुका है, लेकिन सरकार के घोर कुप्रबंधन के कारण अब तक सरकारी स्कूलों के बच्चों को न तो गणवेश (यूनिफॉर्म) का वितरण किया गया है और न ही पाठ्य पुस्तकें मिल पाई हैं। सरकार आदिवासी अंचल के गरीब छात्रों के भविष्य के साथ सीधे तौर पर खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में फंड की भारी कमी के चलते इस वर्ष से प्रबंधन द्वारा प्रवेश शुल्क भी लिया जा रहा है, जो कि इस योजना के मूल उद्देश्य के खिलाफ है। विधायक ने मांग की है कि बच्चों को जल्द से जल्द गणवेश और पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि आगामी विधानसभा सत्र में वे इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाएंगे, क्योंकि जिले में सैकड़ों स्कूल भवन जर्जर स्थिति में हैं और शिक्षा व्यवस्था की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### कक्षाओं में पहुंचकर लिया जायजा, बच्चों से पूछे सामान्य ज्ञान के सवाल

भूमिपूजन के पश्चात विधायक जनक ध्रुव ने आत्मानंद स्कूल की शैक्षणिक व्यवस्थाओं का औचक निरीक्षण किया। वे स्वयं कक्षाओं में पहुंचे और वहां पढ़ रहे बच्चों से सीधे संवाद किया। विधायक ने बच्चों से सामान्य ज्ञान के कई रोचक और तार्किक सवाल पूछे, जिनका बच्चों ने उत्साहपूर्वक जवाब दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करने, अच्छे संस्कार सीखने और अपने परिवार के साथ-साथ पूरे प्रदेश व देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। निरीक्षण के दौरान स्कूल परिसर की साफ-सफाई और सुव्यवस्थित शैक्षणिक वातावरण को देखकर विधायक ने प्रसन्नता जाहिर की।

## पुरानी परंपरा कायम, रविवार को हल-ट्रेक्टर चलाना प्रतिबंध



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

अंचल के कई गांवों में आज भी कई वर्षों से चली आ रही पुरानी परंपराओं को ग्रामवासी निभाते आ रहे हैं। जिस प्रकार शासकीय कार्यालयों और बैक सहित अन्य संस्थाओं में रविवार को शासकीय अवकाश रहता है,उसी प्रकार ग्राम रसेला सहित क्षेत्र के आसपास गांवों में कृषि कार्य में रविवार को हल या ट्रेक्टर से जोताई करना बंद रहता है। कोई भी अगर धोखे से हल या ट्रेक्टर से जोताई करते हुए पाया जाता है, तो उसे गांव के नियम के अनुसार उस नियम का पालन करना पड़ता है। इस दिन चाहे कुछ भी हो जाए किसान नागर या ट्रेक्टर से जोताई नहीं करते। क्षेत्र में लंबे इंतजार के बाद भी मानसून मेहरबान नहीं हुआ है। झमाझम बारिश के इंतजार किसान कर रहे हैं। रसेला सहित क्षेत्र में किसान बोआई का कार्य प्रारंभ कर चुके हैं, और ऐसे कई कृषक है जो पानी नहीं गिरने कारण बुआई नहीं कर पा रहे हैं। किसान भागवत सिन्हा, मकरम ठाकुर, केशुराम ध्रुव, तेजराम साहू, ठाकुरराम चन्द्राकार, नारायण सिन्हा, भुवेन्द्र मरकाम ने बताया कि उन्हें उम्मीद थी कि आषाढ़ लगते ही मानसून क्षेत्र में आ जाएगा। ज्ञात हो कि दो तीन दिनों से बादल छाए हुए हैं, सिर्फ बूंदाबांदी हो रही है। कृषि विभाग ने मौसम के पूर्वानुमान के आधार पर किसानों के लिए आवश्यक एडवाइजरी जारी की है। वर्तमान परिस्थितियों में कम वर्षा को ध्यान में रखते हुए किसानों से कम और मध्यम अवधि में पकने वाली फसलों व किस्मों का चयन करने की अपील की है।

# सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर स्कूलों में चलाया एकता पौधारोपण अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद





लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती वर्ष के अवसर पर गरियाबंद पुलिस ने जिले के स्कूलों में एकता वृक्षारोपण अभियान चलाकर पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों, शिक्षकों और स्कूली बच्चों ने मिलकर पौधरोपण किया। साथ ही विद्यार्थियों को साइबर अपराध, यातायात नियम, महिला एवं बाल सुरक्षा तथा नशामुक्ति के प्रति जागरूक किया गया। पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर के निर्देशन में चलाए जा रहे सामुदायिक पुलिसिंग अभियान के तहत थाना गरियाबंद पुलिस ने सरस्वती शिशु मंदिर, गरियाबंद तथा थाना राजिम पुलिस ने शासकीय हाईस्कूल परसदा जोशी में जागरूकता शिविर आयोजित किया। सरस्वती शिशु मंदिर में छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध से बचाव, यातायात नियमों का पालन, पॉक्सो अधिनियम, डायल-112 की उपयोगिता तथा गुड टच और बैड टच के बारे में सरल भाषा में जानकारी दी गई। बच्चों के लिए ज्ञानवर्धक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें सही उत्तर देने वाले विद्यार्थियों को पुलिस की ओर से पुरस्कृत किया गया। इसके बाद विद्यालय परिसर में पुलिस अधिकारियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने मिलकर पौधरोपण किया। वहीं, शासकीय हाईस्कूल परसदा जोशी में विद्यार्थियों और शिक्षकों को ऑनलाइन गेमिंग के दुष्प्रभाव, साइबर ठगी से बचाव और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग की जानकारी दी गई। पुलिस ने साइबर वित्तीय धोखाधड़ी की शिकायत के लिए 1930 हेल्पलाइन और आपातकालीन सहायता के लिए डायल-112 की उपयोगिता भी समझाई। कार्यक्रम के दौरान महिला सुरक्षा के लिए अभिव्यक्ति ऐप मोबाइल फोन में डाउनलोड कर उसके उपयोग की जानकारी दी गई। साथ ही नशे के सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी दुष्प्रभावों से भी विद्यार्थियों को अवगत कराया गया। गरियाबंद पुलिस ने विद्यार्थियों और शिक्षकों से अपने आधिकारिक सोशल मीडिया माध्यमों से जुड़े रहने की अपील भी की, ताकि उन्हें समय-समय पर सुरक्षा संबंधी आवश्यक जानकारी मिलती रहे। कार्यक्रम में दोनों विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया तथा गरियाबंद पुलिस की इस जनजागरूकता और पर्यावरण संरक्षण की पहल की सराहना की।

# सैन्य भर्ती शिविर के प्रशिक्षक और बटालियन जवान सुरेश का सम्मान

### अब तक 22 युवाओं का सेना व सशस्त्र बलों में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम



राजिम क्षेत्र के युवाओं को भारतीय सेना एवं विभिन्न सशस्त्र बलों में भर्ती के लिए तैयार करने के उद्देश्य से संचालित निशुल्क सैन्य भर्ती प्रशिक्षण शिविर में विशेष प्रशिक्षण देने आए छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल भिलाई प्रथम बटालियन के जवान सुरेश साहू के सम्मान में भव्य आयोजन किया गया। आयोजनकर्ता जीत्तु यादव ने बताया कि शिविर में छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल भिलाई प्रथम बटालियन के जवान सुरेश साहू अवकाश के दौरान अपने गृहग्राम राजिम पहुंचे और अवकाश अवधि में युवाओं को निःशुल्क सैन्य भर्ती प्रशिक्षण शिविर में विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया। उनके मार्गदर्शन में युवाओं ने शारीरिक दक्षता, दौड़, अनुशासन एवं भर्ती प्रक्रिया से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। गौरतलब है कि स्थानीय युवाओं को भारतीय सेना एवं विभिन्न सशस्त्र बलों में भर्ती के लिए तैयार करने के उद्देश्य से संचालित निशुल्क सैन्य भर्ती प्रशिक्षण शिविर नगर में इन दिनों सफलता का पर्याय बन चुका है। इस शिविर में न केवल राजिम के युवा, बल्कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के युवक-युवतियां भी बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं और अपने सैन्य करियर की नींव रख रहे हैं। शिविर की सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि अब तक प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले 22 युवाओं का चयन 'अग्निवीर' योजना एवं विभिन्न केंद्रीय व राज्य सशस्त्र बलों में हो चुका है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि ने क्षेत्र के युवाओं के मनोबल को सातवें आसमान पर पहुँचा दिया है। इस सफलता के लिए समय-समय पर जनप्रतिनिधियों द्वारा युवाओं का उत्साहवर्धन किया गया है। हाल ही में स्थानीय विधायक रोहित साहू और नगर पालिका अध्यक्ष महेश यादव द्वारा चयनित युवाओं को सम्मानित किया गया, जो कि इन उभरते हुए जवानों के लिए बड़े गर्व का क्षण था। कार्यक्रम की अध्यक्षता एनसीसी अधिकारी सागर शर्मा ने की। प्रशिक्षक जवान सुरेश साहू ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि सेना में भर्ती केवल नौकरी नहीं, बल्कि राष्ट्र की सेवा का जज्बा है और उन्हें खुशी है कि राजिम के युवा इस राह पर आगे बढ़ रहे हैं। कार्यक्रम में पंडित डीकेश शर्मा, जीतू यादव, सुरेश यादव, रघु सोनवानी ,भावेश देवांगन, काव्यांश यादव, भारत राजपूत, कोहराम ध्रुव, सुधीर साहू, गणेश सोनकर, चित्रलेखा साहू, राधा ध्रुव, यामिनी ध्रुव, दीप कुमारी निषाद, हर्षिता वैष्णव, हंसिका साहू, खुशबू निषाद, भारती निषाद, मोनिका देवांगन, पायल धीवर, सुमन धीवर, जानवी निषाद, पुनेन्द्र, दामेश्वर ध्रुव, सारांश शर्मा, कान्हा यादव और भारत राजपूत आदि उपस्थित रहे।

# जेंजरा के आत्म चेतना एवं जन कल्याण शिविर में मातृशक्तियों का सम्मान



कोपरा। परम पूज्य सद्गुरुदेव निखिलेश्वरानंद स्वामी जी की पावन कृपा एवं दिव्य आशीर्वाद से ग्राम जेंजरा में ग्रामीण साहू समाज के अध्यक्ष गोवर्धन लाल साहू के मार्गदर्शन और नेतृत्व में आत्म चेतना एवं जन कल्याण शिविर का भव्य एवं सफल आयोजन संपन्न हुआ। यह आयोजन आध्यात्मिक जागृति, सामाजिक समरसता, नैतिक मूल्यों के संवर्धन और जनकल्याण की भावना को समर्पित रहा। शिविर ने ग्रामवासियों के बीच आत्मिक चेतना, आपसी सहयोग, प्रेम, सद्भाव और सामाजिक एकजुटता का प्रेरक संदेश दिया। कार्यक्रम में ग्राम के वरिष्ठजनों, सामाजिक पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों तथा विभिन्न ग्रामों से आए अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। ग्राम जेंजरा से सरपंच बोधन यादव, जनपद सदस्य हीरामणि साहू, परिक्षेत्र साहू समाज जेंजरा के अध्यक्ष डॉ. टुमन लाल साहू, कोषाध्यक्ष नंदकुमार साहू, सचिव विदेश राम साहू एवं संरक्षक श्यामसुंदर साहू उपस्थित रहे। वहीं ग्रामीण साहू समाज जेंजरा से अध्यक्ष गोवर्धन लाल साहू, उपाध्यक्ष पवन कुमार साहू, सचिव राजेन्द्र कुमार साहू, संरक्षक झंगू राम साहू, शोभा राम साहू और भुवन साहू ने कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता निभाई। इसके अलावा ग्राम जरवाय (पाटन) से खमेंद्र पटेल, गजेंद्र पटेल एवं दीनदयाल पटेल, ग्राम बकली से टीकमचंद तारक, लुकेश्वर साहू एवं जनता पटेल, तथा तमाशिवनी से योगेश्वर कृष्ण तारक, चंद्रशेखर साहू, थनेश्वर साहू, लिंकन साहू, टुकेश साहू और मुकेश साहू सहित बड़ी संख्या में समाजजन एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों और ग्रामीणों की सहभागिता ने आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान की। शिविर के दौरान उपस्थित मातृशक्ति एवं देव पुरुषों का रुद्राक्ष, श्रीफल और गमछा भेंट कर सम्मान किया गया। वहीं बच्चों के उज्ज्वल भविष्य और शिक्षा के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गजेंद्र पटेल द्वारा बालक-बालिकाओं को कॉपी और पेन वितरित किए गए। इस पहल की ग्रामीणों ने सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायी कदम बताया।

### भाजपा के 15 कार्यकर्ता ऑनलाइन परीक्षा में उत्तीर्ण



फिंगेश्वर। 4 जुलाई को भारतीय जनता पाट के राष्ट्रीय नेतृत्व के आव्हान पर भाजपा जिला गरियाबंद मंडल फिंगेश्वर मे डिजिटल लनिंर्ग प्लेटफॉर्म का आयोजन जामगांव शक्ति केंद्र के पांचो बूथ प्रमुखों ने हिस्सा लिया जिसमें 15 लोगों का डिजिटल लनिंर्ग का ऑनलाइन कार्यकर्ताओं को उत्तीर्ण कराया गया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा जिला गरियाबंद पूर्व प्रदेश कार्य समिति सदस्य मिंजून साहू, उपाध्यक्ष भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला गरियाबंद दशरथ सिन्हा, पूर्व मण्डल उपाध्यक्ष अरुण कुमार सिन्हा, अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा भागवत सिन्हा, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता शिवराम सिंन्हा, विनीत उपाध्याय पप्पू सिन्हा, नीलम कुमार साहू, गिरधारी सिन्हा एवं राजेंद्र साहू, जितेंद्र ठाकुर सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मैनपुर विश्राम गृह मरम्मत के बाद चकाचक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर




गरियाबंद जिले के तहसील मुख्यालय मैनपुर मे लंबे समय से सर्वसुविधायुक्त विश्राम गृह की मांग किया जा रहा है। मैनपुर नगर में लोक निर्माण विभाग का एक विश्राम गृह लगभग 40 साल पुराना बेहद जर्जर और बदहाल स्थिति मे पहुंच गया था। इस खबर को हमारे हरिभूमि अखबार ने प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया। जिसके बाद जिला प्रशासन और संबंधित विभाग ने इस मामले को गंभीरता से लिया पिछले तीन माह के भीतर मैनपुर का एकमात्र लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह अब मरम्मत के बाद चकाचक हो गया है और यहां नया कुर्सी फर्नीचर भी लगाया जा रहा है। तहसील मुख्यालय मैनपुर में हमेशा विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता व अफसर तथा बड़े जनप्रतिनिधियो का दौरा होता रहता है लेकिन आज तक मैनपुर मे सर्वसुविधायुक्त विश्राम गृह नही होने के कारण भारी परेशानियो का सामना करना पड़ता है लेकिन अब इस पुराने जर्जर हो चुके विश्राम गृह के मरम्मत के बाद काफी हद तक इसका लाभ मिलेगा। तहसील मुख्यालय मैनपुर में लोक निर्माण विभाग द्वारा एक विशाल विश्राम गृह का निर्माण किया जाना चाहिए जिसकी मांग लंबे समय से किया जा रहा है लेकिन इस गंभीर समस्या के समाधान की तरफ अब तक कोई ध्यान नही दिया गया।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### इंडियन आर्मी में चयनित तरूण एवं धनंजय का सम्मान



**सुरसाबांधा।** क्षेत्र के लिए गर्व और खुशी का अवसर उस समय देखने को मिला, जब ग्राम लोहरसी के तरूण साहू एवं ग्राम रवेली के धनंजय निषाद का चयन इंडियन आर्मी में हुआ। उनकी इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर भेण्डरी की सरपंच तुलेश्वरी-लीलाराम ने दोनों चयनित युवाओं का शॉल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य और सफल सैन्य सेवा के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सरपंच तुलेश्वरी ने कहा कि क्षेत्र के युवाओं का भारतीय सेना में चयन पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। कहा कि तरूण साहू एवं धनंजय निषाद की सफलता अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा बनेगी और अधिक से अधिक युवा देश सेवा के लिए आगे आएँगे। सम्मानित हुए दोनों युवाओं ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों एवं प्रशिक्षकों को देते हुए कहा कि निरंतर मेहनत, अनुशासन और मार्गदर्शन के कारण उन्हें अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में सफलता मिली। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों एवं युवाओं ने दोनों चयनित जवानों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा देश सेवा के उनके संकल्प की सराहना की। सभी ने कहा कि ऐसे सम्मान समारोह युवाओं का उत्साह बढ़ाने के साथ-साथ समाज में सकारात्मक प्रेरणा का संदेश भी देते हैं।

### पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक 8 को

**कुरूद।** पेंशनर्स एसोसिएशन कुरूद की मासिक बैठक 8 जुलाई को दोपहर 12 बजे पेंशनर्स भवन, कुरूद में आयोजित की जाएगी। बैठक में ग्रीष्मावकाश के बाद नए सदस्यों का स्वागत किया जाएगा। साथ ही मई और जून माह में जन्मदिन वाले सदस्यों का सम्मान भी किया जाएगा। बैठक के दौरान संगठन के पदाधिकारी पेंशनरों को छठवें एवं सातवें वेतनमान से संबंधित लाभ और अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां देंगे। इसके अलावा अध्यक्ष की अनुमति से विभिन्न संगठनात्मक एवं पेंशनर्स हित से जुड़े विषयों पर भी चर्चा होगी। एसोसिएशन के अध्यक्ष राधेलाल चंद्राकर और सचिव लिखनलाल साहू ने सभी सदस्यों से उपस्थिति की अपील की है।

### श्रद्धांजलि सहायता राशि में वृद्धि सरकार की मानवीय सोच का परिचायक : छाबड़ा

**नगरी।** नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने बताया कि अब तक गरीबी रेखा के नीचे (बीपीएल) जीवनयापन करने वाले परिवार में किसी सदस्य की मृत्यु होने पर अंतिम संस्कार एवं क्रियाकर्म के लिए राज्य सरकार द्वारा 2,000 की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती थी। राज्य सरकार ने इस सहायता राशि को बढ़ाकर 2,500 कर दिया है। श्री छाबड़ा ने कहा कि दुख की घड़ी में यह आर्थिक सहायता शोकाकुल परिवारों के लिए महत्वपूर्ण सहयोग साबित होगी तथा सरकार की संवेदनशील कार्यशैली को दर्शाती है। उन्होंने इस जनहितैषी निर्णय के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देवसाय एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव का आभार व्यक्त किया। नगर पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने भी राज्य सरकार के इस निर्णय का स्वागत करते हुए इसे गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के हित में उठाया गया सराहनीय कदम बताया।

### कोटवारों ने किया धरना प्रदर्शन

**नगरी।** कोटवार एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ द्वारा शुक्रवार को नगरी तहसील मुख्यालय में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। संगठन के बैनरतले बड़ी संख्या में कोटवार अपनी विभिन्न मांगों को लेकर एकत्र हुए और शासन-प्रशासन का ध्यान अपनी समस्याओं की ओर आकर्षित किया। कोटवारों ने अपनी प्रमुख मांगों में राजस्व विभाग में नियमित संविलियन, न्यूनतम 15 हजार रुपये मासिक पारिश्रमिक, नियुक्ति प्रक्रिया में पारदर्शिता, झूठे आरोपों के आधार पर की जाने वाली कार्रवाई पर रोक और अनावश्यक बेगारी बंद करने जैसे मुद्दे शामिल किए।

**किसानी : खेतों में बढ़ी चहल-पहल, मेढ़ सुधारने और बोआई का काम तेज**


# दो दिनों की राहत भरी बारिश से खेतों में लौटी रौनक, खरीफ सीजन के काम में जुटे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

लंबे इंतजार और लगातार बढ़ती चिंता के बाद आखिरकार मौसम मेहरबान हुआ है। पिछले दो दिनों से क्षेत्र में हुई हल्की बारिश ने किसानों के चेहरों पर फिर से उम्मीद की मुस्कान लौटा दी है। भले ही वर्षा अभी बहुत अधिक नहीं हुई है, लेकिन इतनी जरूर हुई कि खेतों में कृषि कार्यों ने गति पकड़ ली है। शनिवार को पूरे इलाके के खेतों में सुबह से ही किसानों की चहल-पहल देखने को मिली। कहीं ट्रैक्टरों से खेतों की अंतिम जुताई की जा रही थी, तो कहीं किसान धान की बुवाई में जुटे नजर आए। अनेक स्थानों पर खेतों में 'खपटा' मारकर मेड़ को ठीक करते देखा गया वहीं समतल करने का कार्य भी तेजी से किया गया। जिन किसानों ने बारिश की कमी के कारण अब तक बुवाई रोक रखी थी, उन्होंने भी अब पूरे उत्साह के साथ खेती का काम शुरू कर दिया है। दरअसल, इस वर्ष मानसून की धीमी शुरूआत ने किसानों की चिंता बढ़ा दी थी। खेत तैयार होने के बावजूद बारिश नहीं होने से बीज सूखने और कृषि कार्य प्रभावित होने की आशंका बनी हुई थी। किसान रोज आसमान की ओर टकटकी लगाए बारिश का इंतजार कर रहे थे। अब हल्की बारिश ने खेतों में नमी ला दी है, जिससे धान की बुवाई के लिए अनुकूल परिस्थितियां बन गई हैं।

**आने वाले दिनों में अच्छी बारिश की आस-** ग्रामीण अंचलों में हर ओर कृषि गतिविधियां तेज हो गई हैं। ट्रैक्टरों की आवाज, खेतों में काम करते किसान और बीज बोने की भागदौड़ यह संकेत दे रही है कि खरीफ सीजन अब पूरी तरह पटरी पर लौटने लगा है। कृषि विशेषज्ञों का भी मानना है कि यदि आने वाले दिनों में नियमित अंतराल पर अच्छी बारिश होती रही तो धान की खरीफ फसल के लिए यह मौसम बेहद लाभदायक साबित होगा। फिलहाल किसानों की निगाहें अब भी आसमान पर टिकी हैं। उनका कहना है कि खेती की असली सफलता लगातार और संतुलित वर्षा पर निर्भर करती है। शुरूआती बारिश ने उम्मीद जगाई है, लेकिन अच्छी पैदावार के लिए आने वाले दिनों में मानसून की निरंतर मेहरबानी बेहद आवश्यक होगी। बारिश की इस पहली राहत ने पूरे ग्रामीण अंचल में नई ऊर्जा भर दी है और खेतों में लौटती रौनक किसानों के उज्ज्वल भविष्य की उम्मीद जगा रही है।





### किसानों को झमाझम बारिश का इंतजार

**राजिम।** पिछले कई दिनों से आसमान का मिजाज लोगों की उम्मीदों के साथ आंख-मिचौली खेल रहा है। सुबह से लेकर शाम तक कभी काली घटाएं पूरे आकाश को ढंक लेती हैं तो कभी तेज हवाओं के साथ ऐसा माहौल बनता है मानो अब मूसलाधार बारिश होने ही वाली है। किसान, व्यापारी और आमजन खुशी से आसमान की ओर निहारते हैं, लेकिन कुछ ही क्षणों बाद बादल धीरे-धीरे छंट जाते हैं और बारिश या तो होती ही नहीं, या फिर कुछ बूंदें गिराकर थम जाती है। इससे लोगों की उम्मीदें बार-बार टूट रही हैं। बारिश का मौसम शुरू हो चुका है, लेकिन अब तक क्षेत्र को वैसी झमाझम बारिश नसीब नहीं हुई है, जिसकी खेती-किसानी और जलस्रोतों को सख्त जरूरत है। ग्रामीण इलाकों में सुबह से ही लोग बादलों की चाल पर नजर रखते हैं। जैसे ही आसमान में काले बादल दिखाई देते हैं, लोगों के चेहरों पर खुशी लौट आती है। बच्चे घरों से बाहर निकल आते हैं, किसान खेतों की ओर रुख कर लेते हैं और पशुपालकों को भी राहत की उम्मीद बंधती है। लेकिन कुछ ही देर बाद तेज हवा चलती है और बादल बिना बरसे आगे बढ़ जाते हैं। यह सिलसिला लगातार जारी है। शहर और गांव दोनों जगह उमस ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। बादलों के कारण धूप तो कुछ समय के लिए कम हो जाती है, लेकिन बारिश नहीं होने से वातावरण में नमी और गर्मी बनी रहती है। दिनभर चिपचिपी गर्मी लोगों को परेशान कर रही है। बिजली की खपत बढ़ गई है।

## प्राथमिक शिक्षा ही जीवन की आधारशिला : लोमस साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

प्राथमिक शाला डिपरापारा लोहरसी में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन उत्साह, उमंग और शिक्षा के प्रति समर्पण के माहौल में संपन्न हुआ। शाला प्रवेश उत्सव में नवप्रवेशी बच्चों का आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चों ने सुंदर कविता, गीत और शिक्षा से जुड़ी प्रेरक प्रस्तुतियाँ दीं। अपनी टूटी-फूटी मगर मासूम भाषा में बच्चों ने कविता और छोटे-छोटे भाषण सुनाकर उपस्थित अतिथियों, पालकों और अन्य बच्चों का मन मोह लिया। बच्चों के नन्हे हौसले, आत्मविश्वास और मंच पर उनकी प्रस्तुति को देखकर उपस्थित पालकगण भावुक और गदगद हो उठे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच लोमस साहू ने कहा कि प्राथमिक शिक्षा ही बच्चे के जीवन की सबसे महत्वपूर्ण आधारशिला होती है। यदि प्रारंभिक स्तर पर बच्चे को सही शिक्षा, अच्छे संस्कार और प्रोत्साहन मिल जाए, तो उसका भविष्य मजबूत बनता है। उन्होंने पालकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजें, उनकी पढ़ाई पर ध्यान दें और शिक्षकों के साथ सतत संपर्क बनाए रखें। इस दौरान सरपंच लोमस साहू, उपसरपंच निलेश टंडन, शाला विकास समिति अध्यक्ष पुरानीक साहू, धनीराम पटेल, खुमन पटेल, सुखनंदन पटेल, डोमन ढ़ीढ़ी, झम्मन साहू, गुनीराम साहू, पुरुषोत्तम निर्मलकर, पुनिया साहू, टिकेशवरी पटेल, टेमिन पटेल, दुर्गा साहू, ऋतू यादव, सुमन डहरिया, लुकेशवरी साहू, रामेश्वरी टंडन, त्रिवेणी सतनामी, प्रधान पाठक सालिक राम साहू, शिक्षक मनोज पटेल, शिक्षक दशरथ लाल डेकर, स्वीपर श्रवण पटेल और उरेन्द्र साहू मौजूद रहे।



## पतोरा में 5 एकड़ सरकारी जमीन पर अतिक्रमण जेसीबी से उखाड़े पेड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

तहसील कार्यालय फिंगेश्वर अंतर्गत राजस्व ग्राम पतोरा की शासकीय घास जमीन पर खुलेआम अतिक्रमण का मामला सामने आया है। अतिक्रमणकारियों ने मुख्य सड़क मार्ग की 290 मीटर फ्रंट में लगभग 5 एकड़ से अधिक शासकीय भूमि पर कब्जा कर न सिर्फ हजारों घन मीटर मुरूम खोदकर बेच दिया, बल्कि किमती औषधीय गुणों वाले बेहड़ा के विशाल फलदार वृक्ष को भी जड़ सहित जेसीबी से उखाड़ कर फेंक दिया। एक शिकायत पर फिरंगेश्वर तहसीलदार रमेश मेहता ने जांच का आश्वासन दिया है। वहीं पटवारी ने स्थल निरीक्षण कर सोमवार को स्थल प्रतिवेदन तहसील कार्यालय में जमा करने की बात कही है ग्रामीणों ने कलेक्टर गरियाबंद और एसडीएम फिंगेश्वर से मांग की है कि अतिक्रमणकारी ठाकुर राम सतनामी के खिलाफ तत्काल भूमि अतिक्रमण अधिनियम और वन अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज की जाए। उखाड़ी गई जमीन से मुरूम की अवैध बिक्री की जांच कर वसूली की जाए और दोषी पटवारी पर निलंबन की कार्रवाई हो।



## गाय का दूध, गोबर और गौमूत्र सभी के लिए अमृत समान : मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

पिछले पांच दिनो से चल रहे 'गौ आह्वान सम्मान हस्ताक्षर अभियान' एवं 'गांव-गांव गौ ग्राम जन-जागरण यात्रा' का समापन ग्राम पंचायत तर्री में हुआ। कार्यक्रम का संचालन रविशंकर साहू ने किया। इस अवसर पर श्री गोपाल गौशाला के उपाध्यक्ष प्रफुल्ल दुबे एवं जनपद सदस्य प्रतिनिधि संतोष मिश्रा ने ग्रामीणों से कहा कि गौ माता भारतीय संस्कृति, कृषि एवं अर्थव्यवस्था की आधारशिला हैं। गाय से प्राप्त दूध, गोबर और गौमूत्र सभी के लिए अमृत समान हैं। गौ पालन से घरों में समृद्धि आती है और जैविक खेती को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने समाज को नशामुक्त बनाने की अपील करते हुए कहा कि हमें नशे को त्यागकर गौ सेवा को अपनाना होगा, तभी एक स्वस्थ समाज का निर्माण सम्भव होगा। इस दौरान हर परिवार से कम से कम एक गाय पालने का आह्वान किया गया। यह अभियान तहसील प्रभारी रूपेंद्र चंद्राकर की अगुवाई में संपन्न हुआ। उन्होंने गौ सम्मान हस्ताक्षर अभियान में अधिक से अधिक लोगों को हस्ताक्षर करने, जुड़ने और सहयोग करने की विनम्र अपील किया। समापन अवसर पर सभी ग्रामीणों ने गौ संरक्षण, नशामुक्ति व प्रत्येक घर में गौ पालन करने का सामूहिक संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में ग्राम सरपंच प्रतिनिधि लखन सिन्हा द्वारा उपस्थित सभी जनों का आभार व्यक्त किया गया। इस आयोजन में मुख्य रूप से पूर्व सरपंच गोल्डी वर्मा, गौ सेवक बादल देवांगन, सुंदर सिंह ठाकुर, मुन्ना यादव, रवि साहू, डॉ. टीकम वर्मा, टोमन सतनामी, प्यारेलाल देवांगन, शांति साहू, सरोज साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।





### एनएसएस ने किया 150 से अधिक पौधों का रोपण

**फिंगेश्वर।** फणीकेश्वर नाथ शासकीय महाविद्यालय, फिंगेश्वर के स्थापना दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं हरित परिसर निर्माण के उद्देश्य से वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष राजू साहू रहे।कार्यक्रम प्रभारी प्राचार्य डॉ.समीक्षा चंद्राकर के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ.देवादास बंजारे के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर जनभागीदारी समिति के सभी सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही।राष्ट्रीय सेवा योजना के 50 से अधिक स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में 150 से अधिक पौधों का रोपण किया तथा उनके संरक्षण एवं नियमित देखभाल का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि राजू साहू ने कहा कि वृक्षारोपण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि भावी पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी से अधिकाधिक वृक्ष लगाने और उनकी सुरक्षा का संकल्प लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. देवादास बंजारे ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य समाजोपयोगी गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का सवांर्गीण विकास करना है। उन्होंने स्वयंसेवकों से लगाए गए प्रत्येक पौधे की नियमित देखभाल करने का आग्रह किया।

## आरोग्य ही जीवन का मूल साधनः अर्जुन सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

नगर का आदर्श पूर्व माध्यमिक शाला गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए जाना जाता है। साहित्यिक, सांस्कृतिक, खेलकूद, आविष्कार अभियान जैसे सभी क्षेत्रों में बच्चों की सहभागिता सुनिश्चित की जाती है। विद्यालय में वर्षों से योग, ध्यान, मंत्रों के साथ दिन के शुरुआत की परंपरा रही है। शनिवार को गतिविधि आधारित शिक्षा पर जोर दिया जाता रहा है। उसी परिपाटी के अनुरूप दिन की शुरुआत योगाभ्यास से हुई। सर्वप्रथम वरिष्ठ शिक्षक मुरारी राम देवांगन द्वारा प्रेरणा गीत प्रस्तुत किया गया। पश्चात छत्तीसगढ़ योग आयोग मास्टर ट्रेनर अर्जुन धनंजय सिन्हा द्वारा मंत्रोच्चारण, ध्यान, उद्गित प्राणायाम के द्वारा योग सत्र की शुरुआत की गई। सिन्हा ने कहा कि जीवन का प्रथम उद्देश्य निरोग रहना है। आरोग्य ही धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष का मूल साधन है। प्रातः उठकर कर दर्शन मंत्र, ऊषापान उपरांत नियमित योग करने की सीख दी गई। योग के महत्वपूर्ण अंग, सावधानी, लाभ, नियम की बारीकियों से बताया गया। प्रधानपाठक जोहरा फातिमा कुरैशी, शिक्षक उमेश कुमार ढीढी, चंद्रभूषण निषाद, सुशील कुमार पांडे, शीतल चंद्राकर, करुणा वर्मा, कर्मचारी पीली बाई, प्रोतिमा शर्मा, कविता पटेल, रुखमणी सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने योगाभ्यास का लाभ लिया।





### भेंडरी में 50 युवाओं ने किया रक्तदान

**सुरसाबांधा।** मानवता की सेवा के उद्देश्य से ग्राम भेंडरी में शनिवार को /"रक्तदान-महादान/" शिविर का आयोजन हुआ जिसमें 50 युवाओं ने रक्तदान कर सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया। शिविर का शुभारंभ पोषण साहू अध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा मंडल कोपरा, ने रक्तदान करके किया। उनके साथ आनंद साहू अध्यक्ष ग्राम विकास समिति, वरिष्ठ भाजपा नेता भूषण साहू, संजय साहू, हर्ष साहू, लोकेश साहू, त्रिलोके साहू, जिनेंद्र ध्रुव, नीलकंठ ध्रुव, रेमन साहू, बुदेश साहू, नेहरू साहू, निखलेश साहू, मनीष साहू सहित अनेक दाताओं ने रक्तदान किया। बता दें कि आशीर्वाद ब्लड बैंक, रायपुर की प्रशिक्षित चिकित्सीय टीम की देखरेख में शिविर का संचालन किया गया। रक्तदान के पश्चात सभी दाताओं को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस पुण्य कार्य के आयोजक मनीष साहू, रजनीश साहू, जागेश्वर साहू, प्रियेश गोस्वामी, ठाकेश्वर ध्रुव रहे। शिविर को सफल बनाने में भेंडरी क्रिकेट क्लब एवं समस्त ग्रामवासियो का सराहनीय योगदान रहा।

**परसदा जोशी में स्कूली छात्र-छात्राओं को किया जागरूक**

# पुलिस ने बच्चों को दी कानूनी व सुरक्षा की सीख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

गरियाबंद पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर के दिशा-निर्देश में स्कूली बच्चों को सुरक्षित और जागरूक बनाने के लिए लगातार विशेष सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में राजिम पुलिस टीम द्वारा शासकीय हाईस्कूल परसदा जोशी में जागरूकता शिविर का आयोजन किया। दो स्कूलों में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती वर्ष के अवसर पर आयोजित किया गया। छात्र-छात्राओं को साइबर क्राइम से बचने, यातायात नियमों का पालन करने, पाक्सो एक्ट के प्रावधानों और डायल 112 की उपयोगिता के बारे में विस्तार से बताया गया। शासकीय हाईस्कूल परसदा जोशी में डिजिटल सुरक्षा की पाठशालासाइबर फ्रॉड और ऑनलाइन गेमिंग, हाईस्कूल के विद्यार्थियों और शिक्षकों को ऑनलाइन गेमिंग के खतरों और सोशल मीडिया पर होने वाले साइबर फ्रॉड से बचने के तरीके सिखाए गए। हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी पुलिस ने आपातकालीन स्थिति में तुरंत मदद के लिए हेल्पलाइन नंबर 1930 साइबर वित्तीय धोखाधड़ी और डायल 112 की उपयोगिता के बारे में जागरूक किया। अभिव्यक्ति ऐप, महिला सुरक्षा को समर्पित अभिव्यक्ति ऐप को सभी के मोबाइल में डाउनलोड करवाकर उसके इस्तेमाल की पूरी प्रक्रिया समझाई गई।

### महिला सुरक्षा और गुड टच-बैड टच की सीख

नशामुक्ति समाज व स्वास्थ्य पर पड़ने वाले घातक दुष्प्रभावों के प्रति सचेत किया गया। साथ ही गुड टच-बैड टच की सीख, छोटे बच्चों को आत्मरक्षा और खुद को सुरक्षित रखने के लिए गुड टच और बैड टच के अंतर को बहुत ही सरल भाषा में समझाया गया। बच्चों के बीच एक ज्ञानवर्धक क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें सही जवाब देने वाले छात्र-छात्राओं को पुलिस की ओर से पुरूस्कृत किया गया। पर्यावरण संरक्षण इस ऐतिहासिक जयंती वर्ष को यादगार बनाने के लिए पुलिस अधिकारियों, शिक्षकों और बच्चों ने मिलकर स्कूल परिसर में वृक्षारोपण भी किया। साथ ही पुलिस ने सभी को गरियाबंद पुलिस के आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स को फॉलो करने की अपील की ताकि वे हर अपडेट से जुड़े रहें। इस पूरे अभियान के दौरान दोनों ही स्कूलों के शिक्षक, शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे, जिन्होंने गरियाबंद पुलिस की इस अनूठी पहल की सराहना की।



